### जिला सचिवालय में डी प्लान के कार्यों को लेकर बैठक

# डी प्लान में 19 करोड़ रुपये से 181 कार्य होंगे : आहूजा

- वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। जिला सचिवालय में डी प्लान के विकास कार्यों को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

जिला सचिवालय में मंगलवार को डी प्लान के विकास कार्यों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। उन्होंने अधिकारियों को डी प्लान के विकास कार्यों में समय और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि जिला विकास एवं निगरानी समिति द्वारा अनुमोदित सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाना अनिवार्य है। इन कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने मौके पर वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष स्कीम के तहत जिला यमुनानगर के लिए 19 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसके अंतर्गत जिले में 181 विकास कार्यों को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। यह कार्य नगर निगम, पंचायती राज विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभागों द्वारा क्रियान्वयन किए जाने हैं। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समीक्षा बैठक में योजना अधिकारी संजय चौधरी, कार्यकारी अभियंता लव कुमार,समीर मेंहदीरत्ता आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। अमरपुरी कॉलोनी में नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

### अमरपुरी व मॉडर्न कॉलोनी में मेयर ने 15 लाख के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

*यमुनानगर। नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की अमरपुरी कॉलोनी व मॉडर्न कॉलोनी में निगम की मेयर सुमन बहमनी ने 15 लाख रुपये के विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। मौके पर स्थानीय पार्षद विक्रम राणा भी मौजूद रहे। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और पारदर्शी व्यवस्था देना है। हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार का लक्ष्य है कि विकास कार्य किसी एक क्षेत्र तक सीमित न रहें। हर वार्ड, हर कॉलोनी, हर गली और हर नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचे। सरकार के प्रयासों से शहर का स्वरूप बदल रहा है। जहां पहले कीचड़युक्त व क्षतिग्रस्त गलियां थी। वहां, अब पक्की और बेहतर गलियों का निर्माण किया जा रहा है। निकासी के लिए नालियों का निर्माण किया जा रहा है। हर वार्ड में आमजन को शादी समारोह, धार्मिक, सामाजिक व अन्य कार्यक्रम करने के लिए सामुदायिक केंद्र बनाए गए हैं। मेयर सुमन बहमनी ने शहरवासियों से अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों में सहयोग करने और शहर को बेहतर बनाने में सहभागिता निभाए जाने का अनुरोध किया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगदीश बब्बर, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, मंडल अध्यक्ष संध्या रावत, मंडल महामंत्री पूजा मोंगा, विनीश मानकट व जिला सोशल मीडिया प्रमुख विपिन आदि मौजूद रहे।*

# कोहरे में यातायात नियमों का कड़ाई से करें पालन : गोयल

**पुलिस ने वाहन चालकों से दिए दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



- धुंध में लो बीम पर गाड़ी चलाए जाने की दी हिदायत

सर्दी के मौसम में घना कोहरा पड़ने के दौरान पुलिस प्रशासन ने सभी वाहन चालकों को यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करने के लिए हिदायत जारी की है। यातायात के नियमों की पालना नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों चालकों को जागरूक करते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। ताकि घना कोहरा और धुंध पड़ने के दौरान सड़क दुर्घटनाएं ना हो सकें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आम जनता व वाहन चालकों को तेज रफ्तार में गति सीमा को नहीं तोड़ने, प्रेशर होर्न नहीं बजाए जाने, धुंध में लो बीम पर गाड़ी चलाए जाने और अपनी स्पीड को कम रखने, रोड के बीच में अपने वाहन को कभी ना रोकने, वाहन को मोड़ते समय हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करने, यातायात जो आप देख ना सके उसकी आवाज को सुनने का प्रयास करने, तेज आवाज में गाड़ी के अंदर संगीत न बजाए जाने, अन्य वाहन की आवाज सुनने के लिए गाड़ी की खिड़की थोड़ी खुली रखने, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए जाने, वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करने, पार्किंग में गाड़ी खड़ी खड़ी करते समय हैंडब्रेक का प्रयोग करने, नशा कर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, वाहन चलाते समय अगर नींद आए तो वाहन न चलाने की हिदायत दी है। वहीं, वाहन चालकों को यातायात के नियमों की पालना करके पुलिस का सहयोग करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस आप की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

*विजेताओं का किया सम्मान*

# प्रतियोगिताओं से होता है मानसिक व शारीरिक विकास : सिंगला

**रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप में जीते पदक**

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के बच्चे छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


यमुनानगर। कस्बा रादौर के ग्लोब हेरिटेज स्कूल की विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते आयोजक।

रूरल गेम्स एसोसिएशन हरियाणा के तत्वाधान में अंबाला में रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप 2025-26 आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने क्रिकेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल से खेल विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उनके स्कूल की अंडर 14 बॉयज क्रिकेट टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विजेता टीम में नैतिक, हितेन, अर्शित राणा, दविश, मनिंदर, दिवम, हितेश, हर्षित, परवार, शौर्य, कुणाल, योजित, गुरुवंश, युवराज, हर्ष, सार्थक, अनमोल, दक्ष, चेतन, मानिक, भगत राम में टीम को विजयी दिलवाने मे अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनायें दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से शिक्षा के साथ साथ बच्चों का शारीरिक विकास भी होता है।

*गांव तेलीपुरा के पास हुआ हादसा*

## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- रात को खाना खाकर पैदल ही काम पर निकला था ऋषिपाल, सुबह सड़क किनारे पड़ा मिला

बूडिया थाना क्षेत्र के गांव तेलीपुरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के साले रिंकू ने बताया कि उसका जीजा गांव दमोपुरा निवासी 45 वर्षीय ऋषिपाल गांव रामपुरा में गुड़ की चरखी पर काम किया करता था। उसकी बहन की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। सोमवार की रात का खाना खाकर करीब साढ़े आठ बजे उसका जीजा अपने काम के लिए पैदल निकला था। गुड़ की चरखी से उसका घर करीब चार किलोमीटर दूर है। ऐसे में वह अक्सर पैदल ही काम पर जाया करता था। सुबह उनके पास किसी ने फोन पर सूचना दी कि ऋषिपाल घायल अवस्था में तेलीपुरा गांव के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचा। उसने अपने जीजा को अस्पताल में भर्ती करवाया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही भाजपा सरकार : त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित कार्यालय में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में रैली को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए विस नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी। फोटो : हरिभूमि

भाजपा की केंद्र सरकार लगातार लोकतांत्रित अधिकारों का हनन कर रही है। जिसे लेकर देश की जनता में गुस्सा है। कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए 14 दिसंबर को दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ मुद्दे को लेकर विशाल रैली कर रही है। इस रैली में यमुनानगर जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त बात कांग्रेस के विस नेता एवं यमुनानगर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने मंगलवार को जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में कहे। मौके पर उन्होंने रैली को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई। कांग्रेस के विस नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि पार्टी द्वारा 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित की जा रही वोट चोर गद्दी छोड़ रैली ऐतिहासिक होगी। जिसमें यमुनानगर जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को और अधिक सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा रैली के लिए अधिक से अधिक लोगों को लामबंद करने पर जोर दिया है।

**यह रहे मौजूद**

बैठक में अशोक कोहली, सुरेंद्र भाटिया, ओम प्रकाश, विजय मरवाह, कमल विनायक, राजू सपरा, कश्मीर सिंह, सचिन, अमनदीप, बलविंद्र सिंह, अमित, विजय पाल, गौरव व सुरेश आनंद आदि मौजूद रहे।

*गांव मंधार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मंगल सेन की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई*

## त्याग की मूर्ति थे पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. मंगल सेन, उनकी सादगी और कार्यशैली की मिसाल कायम : कांबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

- डॉ. मंगल सेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि भेंट की

गांव मंधार में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम हरियाणा केसरी डॉक्टर मंगल सेन की 34वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम डा. मंगल सेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भेंट की।

इस अवसर पर मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि डा. मंगल सेन प्रदेश के एक कदावर नेता थे। वह त्याग और धैर्यशील प्रवत्ति के व्यक्ति थे। भाजपा में उनके त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। कांबोज ने बताया कि डॉक्टर मंगल सेन बेशक आज इस दुनिया में नहीं है परंतु उनकी सादगी और कार्यशैली की मिसाल लोगों में आज भी जिंदा है। राष्टीय स्वयं सेवक के प्रचारक भी रहे डाक्टर मंगल सेन का सपना था कि संगठन मजबूत होगा तभी राष्ट मजबूत हो सकता है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को संगठन का एक बडा हिस्सा समझा और एक एक कार्यकर्ता को संगठन से जोडे रखने के लिए उन्हें अपनत्व का सम्मान दिया। 18 वर्ष की आयु में ही डाक्टर मंगल सेन जनसंघ में शामिल हो गए और वर्ष 1951 में जनसंघ का पूरा कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मंगलसेन राजनैतिक जीवन में सात बार विधायक व एक बार डिप्टी सीएम रहने के बावजूद भी उन्होंने अपना सारा जीवन एक किराए के घर में व्यतीत किया और 18 वर्ष की आयु में ही राजनीति में कदम रखकर अपना पूरा जीवन जनता की सेवा में समर्पित कर दिया।

# जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राएं परीक्षा में छाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


सहज


तन्वी


राधिका


प्राची

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के बीबीए के छात्राओं ने परीक्षा परिणामों में अपनी मेहनत से द्वितीय वर्ष में अच्छे अंक हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के निदेशक डॉ एसके गर्ग ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रबंधन विभाग छात्रों के सर्वांगीण विकास पर हमेशा कार्यरत रहा है। द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में उत्तीर्ण सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए। वहीं दूसरी ओर इसी कक्षा के 13 छात्राओं ने शीर्ष 5 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए डॉ एसके गर्ग ने बताया कि संस्थान की इस कक्षा के छात्रों ने संस्थान का नाम रोशन करते हुए उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया। संस्थान की मेधावी छात्रों ने शीर्ष पांच स्थानों में 13 छात्रों ने स्थान बनाया। निदेशक ने बताया कि संस्थान की छात्रा सहज व तन्वी ने पहला, राधिका व प्राची ने दूसरा, खुशी व रोहन ने तीसरा तथा इशिका, काजल, कनिका, नूपुर, पारुलए, रिद्धिमा, श्रेयदीप ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने बताया कि इस परिणामों का श्रेय छात्रों की लगन एवं विभाग के प्राध्यापकों की कड़ी मेहनत है।

*गांव कामी माजरा में चोरों ने की वारदात*

## चोरों ने घर में घुसकर चुराई 90 हजार रुपये की नगदी व सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज, चोर घर से दो सिलेंडर भी ले गए

गांव कामी माजरा में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर 90 हजार रुपये की नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव कामी माजरा निवासी हेवंती देवी ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 29 नवंबर की रात को परिवार के साथ रात को खाना खाकर घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरे में सो गए थे। सुबह जब उनकी आंख खुली तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर अलमारी खुली पड़ी थी और अंदर से 90 हजार रुपये की नगदी, दो सिलेंडर, टॉप्स, कानों के कुंडल, आधार कार्ड, पासबुक व अन्य दस्तावेज गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**जागरुकता** प्रशिक्षण कार्यशाला में किसानों को कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाई

*कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का रसूलपुर साढौरा में कार्यक्रम*

# कार्यशाला में प्राकृतिक खेती का महत्व समझाकर दी तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। कस्बा साढौरा में कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से गांव रसूलपुर साढौरा में मंगलवार को प्राकृतिक खेती के विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साढौरा से पूर्व विधायक बलवंत सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चन्द्र ठसका उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व, तकनीकी जानकारी एवं इसके लाभों से अवगत कराना है। जिससे किसान रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हो सकें।

मौके पर मौजूद कृषि विशेषज्ञ एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक उर्वरकों तथा टिकाऊ खेती पद्धतियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में मौके पर पहुंचे प्रशिक्षण कार्यशाला में डा. आदित्य प्रताप, उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रशिक्षकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा के माध्यम से खाद की खरीद करने के बारे में भी बताया।

उन्होंने जिले के किसानों को फसल अवशेष न जलाने पर बधाई भी दी। जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चन्द्र ठसका ने कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती के विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन करने पर बधाई दी तथा इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसानों के आने पर उन्हें भी बधाई दी। मौके पर मौजूद विनित कुमार जैन सहायक कृषि अभियन्ता यमुनानगर ने बताया कि आज फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध करवाने हेतु सभी खण्डों में कृषि यन्त्र सुपर सीडर का भौतिक सत्यापन गठित संयुक्त टीम द्वारा किया गया। जिसमें 222 सुपर सीडर कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसी कड़ी में 03 दिसंबर को कृषि यंत्र स्ट्रा बेलर, स्ट्रा रेक व श्रब मास्टरध्रोटरी स्लैशर का भौतिक सत्यापन खण्ड स्तर पर किया जायेगा व अन्य सभी कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 04 दिसंबर-2025 को किया जायेगा। कृषि यंत्रों के भौतिक सत्यापन बारे विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक किसान को दूरभाष के माध्यम से सूचित कर दिया गया है।

*स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी में जल सरंक्षण पर आयोजित हुआ कार्यक्रम*

# जल संचयन करना भविष्य के लिए बेहद आवश्यक : दीपमाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खुर्दी में जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत बनाए गए पोस्टर दिखाते हुए बच्चे।

स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी (यमुनानगर) में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को जल संचयन करने के लिए जागरुक किया गया। मौके पर बच्चों ने जल संचयन करने के लिए पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने की।

प्रधानाचार्य दीपमाला कांबोज ने बच्चों को आहवान किया कि जल का संचयन करें और उसे व्यर्थ ना बहने दें। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए हमें जल संचयन करना बेहद जरुरी है। क्योंकि जल है तो जीवन है। जल के बिना जीवन नहीं है। हमें अपने घरों या बाहर पानी को किसी भी प्रकार से व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। जल हमारे लिए अमूल्य है। जल संचय करने से हमारा आने वाला भविष्य सुरक्षित हो सकता है। मौके पर अध्यापक मुकेश कुमार व इशु शर्मा ने बच्चों को दिखाया कि हमारे विद्यालय का पूरा पानी जल संचयन विधि द्वारा जमीन के अंदर ही जा रहा है। किसी भी प्रकार से पानी को बाहर नालों में नहीं भेजा जाता है। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टर मेकिंग करके जल संचयन करने की विधियों के चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने विद्यार्थियों द्वारा की गई आकर्षक चित्रकारी की सराहना की। उन्होंने स्कूल स्टाफ सदस्यों को कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आभार प्रक्ट किया।

**खबर संक्षेप**



### डीएलएसए ने एड्स विषय पर किया जागरुक

**कुरूक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीकिता भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा एचआईवी/एड्स एवं स्वीकार न्याय और सम्मान (सैक्स वर्करस एवं ट्रांसजेंडर्स के लिए एक अभियान) के तहत वशिष्ठ कॉलोनी और गांधी नगर में जागरूकता कैंप लगाए गए। इन कैंपों के दौरान एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र की एचआईवी/एड्स की जिला नोडल टीम तथा पैनल अधिवक्ता अंकित कुमार द्वारा आमजन को एचआईवी/एड्स के लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में अवगत कराया गया।

### श्रीशिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव 8 को

**थानेसर।** समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में 8 दिसंबर को श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर मेहर सिंह मलिक की अध्यक्षता में सांई परिवार के सदस्यों की बैठक सैक्टर 7 स्थित श्री सत्य सांई मंदिर में आयोजित की गई जिसमें विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन करते हुए डॉ.विजय शर्मा ने बताया कि श्री सांई बाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के तत्वावधान में श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

## देश ही नहीं बल्कि, विदेश में भी सुनाई दे रही 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव' की गूंज

# कलाकारों ने बदला ब्रह्मसरोवर की फिजा का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों और शिल्पकारों ने इस महोत्सव में ब्रह्मसरोवर की फिजा का रंग बदलने का काम किया है। इस अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति को इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाकर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इतना ही नहीं दूर दराज से आने वाले पर्यटकों ने भी दूसरे प्रदेशों की संस्कृतिक कला की सराहना की है। कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति को दिखाने का काम किया है। इन लोक कलाकारों के नृत्यों के साथ-साथ ढोल की थाप और नगाड़ों पर पर्यटक झूम-झूम कर नाचते नजर आए। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ने विश्व पटल पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है, महोत्सव की यह गूंज प्रदेश ही नहीं बल्कि देश विदेश में भी सुनाई दे रही है। महोत्सव के इन यादगार पलों को सभी पर्यटक अपने-अपने कैमरों में कैद करते नजर आ रहे है। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए शिल्पकारों की हाथों की अनोखी शिल्प कला को देखकर पर्यटक मंत्र मुग्ध हो रहे है। शिल्पकारों की हाथों की जादूगरी और ऐसी अनोखी हस्तशिल्प कला ने इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में चार चांद लगाने का काम किया है, महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक इन शिल्पकारों की जमकर प्रशंसा करता नजर आ रहा है और लोग इन शिल्पकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को जमकर खरीद रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव इन शिल्पकारों की जादुई शिल्पकला को अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाने के लिए एक बड़ा मंच साबित हुआ है।

**ढोल की थाप और नगाड़ों पर पर्यटक झूमे**

**सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार**





### गुरुकुल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ उत्साहपूर्वक आयोजित की गईं जिनमें विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग में श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद में गुरुकुल के आरव गौतम और चिराग कटारिया की टीम ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कनिष्ठ वर्ग प्रश्नोत्तरी में अक्षत आर्य, दिव्य प्रकाश व सोनू की टीम को तृतीय पुरस्कार दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में कांव्याश ठाकुर को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। गुरुकुल पहुंचने पर सभी विजेता छात्रों का निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप व अन्य अध्यापकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 21 से 23 नवम्बर तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 27 से 30 नवम्बर 2025 तक हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा करवायी गई। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने बताया कि इससे पूर्व जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाषण, श्लोक उच्चारण, और श्रीकृष्ण-अर्जन संवाद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया।

### गीता जयंती महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा देने की पीएम की परिकल्पना हुई सार्थकः भारत भूषण भारती



**पिहोवा।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि कुरुक्षेत्र कर्मक्षेत्र के पावन सरस्वती तट पर आयोजित गीता जयंती समारोह के आरती में हिस्सा लेने पर उन्हें बेहद प्रसन्नता हो रही है। हमारे भारत की संस्कृति विश्व विख्यात है। भिन्न-भिन्न धर्मों के होने के कारण भी भारत की अनेकता में एकता की झलक गीता जयंती समारोह में जगह-जगह देखने को मिली। यहीं एकता हमारे देश व समाज के कल्याण का मूलमंत्र हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा ओएसडी भारत भूषण भारती गीता जयंती समारोह के समापन अवसर पर संध्याकालीन आरती में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।भारत भूषण भारती ने कहा कि विश्व भर में आज के दिन गीता जयंती समारोह को मनाया जा रहा है। देश-विदेश में गीता जयंती समारोह की एक अलग पहचान बन चुकी है। उन्होंने तीन दिवसीय जिलास्तरीय गीता जयंती का पिहोवा में सफलतापूर्वक आयोजन पर सबको बधाई दी तथा ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाते रहने के लिए सुझाव भी दिए। इस मौके पर श्रवण गर्ग गऊ सेवा आयोग चैयरमेन, नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, सुरेंद्र ढींगरा, तहसीलदार पूनम सोलंकी, मार्किट कमेटी चेयरमैन तरुणदीप सिंह वड़ैच, गुरमेहर विर्क, रामधारी शर्मा, मनमोहन चक्रपाणि, युधिष्ठिर बहल, जगदीश गोड, जेपी मैहला सरपंच, संदीप मौर, गुरमेहर सरपंच, सुखबीर सिंह, जगदीश तनेजा, सतीश सिंगला, बंटी दिवाना, नगर पालिका सचिव अशोक कुमार, दीपक शर्मा तथा कई गणमान्य व्यक्तियों सहित भारी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## आध्यात्मिक गुरु मास्टरजी का गूंजा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर आयोजित अंतरराष्टीय गीता महोत्सव 2025 में प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु मास्टरजी का संदेश गूंज उठा। पिछले साल की तरह इस साल भी मास्टरजी अंतर्राष्टीर्य गीता महोत्सव का अहम हिस्सा बने और विभिन्न कार्यक्रमों में आमंत्रित किए गए। मास्टरजी का पहला उद्बोधन संजीव कृष्ण ठाकुर की श्रीमद्भागवत एवं भगवद् गीता कथा में हुआ जिसमें मास्टरजी ने भगवद्गीता का सार बिलकुल सरल रूप में समझाया। इसके अलावा गीता जयंती के शुभ अवसर पर एक दिसंबर को मास्टरजी को वैश्विक गीता पाठ सम्मेलन के भव्य आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री, नायब सिंह सैनी, स्वामी ज्ञानानंदजी, बाबा रामदेव, स्वामी सम्पूरनंदजी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रमुख अधिकारी पंकज कुमार, उपेन्दर सिंघल, विजय नारुला सहित अनेक प्रतिष्ठित संत और गणमान्य हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### भागवत गीता का ज्ञान सरल रूप में हजारों लोगों तक पहुंचाया

इस साल मास्टरजी की टीम को ब्रह्मसरोवर में स्टाल 646 के साथ सुकन्या घाट प्रदान किया गया जहाँ कई स्टॉलों में विभिन्न खेलों द्वारा भगवद्गीता का ज्ञान सरल रूप में हजारों लोगों के साथ साझा किया गया और जीवन में स्थायी शान्ति और खुशी पाने का मास्टरजी ने संदेश साझा किया। इस साल एक विशेष लेजर शो का आयोजन भी किया गया जिसमें भगवद्गीता का ज्ञान एक अलौकिक रूप में समझाया गया.४ दिनों तक प्रस्तुत किया गया। ये शो बहुत लोकप्रिय रहा और प्रतिष्ठित स्वामी ज्ञानानंद ने इस लेजर शो का उद्घाटन किया। इसके अलावा, अलेखांद्रो गौरी शंकर और स्वामी सम्पूणानंद जी भी लेजर शो देखने के साथ-साथ घाट पर अन्य स्टॉलों का अवलोकन करने आए। मास्टरजी समझाते हैं कि भगवद्गीता सिर्फ़ पढ़नी नहीं—समझनी है। तभी जीवन का सच्चा उद्धार होता है। ब्रह्मसरोवर के तट स्थित स्टॉल 646 एवं सुकन्या घाट पर श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ उमड़ रही है, जहाँ मास्टरजी की वाणी सुनने व जीवन के गहरे प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए लोग उत्सुक हैं।



आध्यात्मिक गुरु मास्टरजी।

## साधु महात्माओं ने इंग्लैंड में बने प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

इंग्लैंड के साउथ हाल में बने प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम जन्म भूमि अयोध्या व योगेश्वर श्री कृष्ण की जन्मभूमि बृन्दावन से गये साधु महात्माओं ने दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट की और जय शर्मा व गुल्लू आंनद व अन्य पदाधिकारियों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। महात्माओं के शिष्टमंडल ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को संभालने व धर्म प्रचार प्रसार करने के लिये ट्रस्ट को साधुवाद दिया और उम्मीद जताई कि वे निरंतर अपने प्रयास से विदेशों में धर्म ध्वजा फहराते रहेंगे। महंत महेंद्र दास व आचार्य अभिरामा ने बताया कि उनका दल भगवान श्रीराम के आदर्शों का विदेशों में में प्रचार कर रहा है। जैसे अयोध्या में श्री राम मंदिर के ऊपर घर्म ध्वजा लगाई गई है ऐसी ही अपने घरों पर लगायें या अपने प्रतिष्ठान पर जरूर रखे। कोई भी हिंदू व सनातनी धर्म परिवर्तन ना करे। पूरे विश्व मे सनातन संस्कृति उत्तम है।



उन्होंने सभी सगठनों को अयोध्या नगरी में भी आमंत्रित करता है। ताकि वे इस पवित्र जन्म भूमि के दर्शन कर सके। उन्होंने कहा भारत विश्व स्तर पर सबसे अधिक मजबूत अनूठी संस्कृति वाला एक मात्र देश है जिसमे सभी धर्मों को समान आदर दिया जाता है।सभी धर्मों के त्यौहार बहुत ही आदर पूर्वक श्रद्धा से मनाये जाते हैं। हजारों वर्ष गुजरने के बाद भी महापुरुषों के बताए रास्ते पर चला जा रहा है।

### पूर्व मंत्री सुभाष सुधा द्रोणाचार्य स्टेडियम में करेंगे सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण का शुभारंभ : धर्मवीर सिंह

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण के अंतर्गत, विधानसभा स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का बुधवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में शुभारंभ करेंगे। उपरोक्त जानकारी सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने दी। सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण की प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि दूसरे चरण की प्रतियोगिताओं के लिए एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, जंपिंग और स्किपिंग प्रतियोगिता, रस्साकस्सी, बॉक्सिंग, जूडो, कुश्ती की प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए द्रोणाचार्य स्टेडियम को चुना गया है। इसके साथ-साथ वॉलीबॉल और आर्चरी की प्रतियोगिताओं के लिए कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, बॉडी बिल्डिंग के लिए राजीव गांधी खेल स्टेडियम धनौरा जट्टान स्थान निर्धारित किए गए हैं। शूटिंग स्पर्धा करण शूटिंग अकैडमी कुरूक्षेत्र, हॉकी के मैच मारकंडेश्वर स्टेडियम शाहाबाद और क्रिकेट के मैच विक्ट्री फील्ड्स जिरबड़ी में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में दूसरे चरण की प्रतियोगिताओं को लेकर खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



## संत शिरोमणि सैन महाराज की जयंती होगी ऐतिहासिक : कैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा की अनाज मंडी में आयोजित होने वाली संत शिरोमणि सैन महाराज की जयंती ऐतिहासिक होगी। इस जयंती में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे, जो लाडवा विधानसभा में हुए विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही नए कार्यों की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी संत और महापुरुषों को सम्मान देने के लिए राज्य स्तरीय सरकारी खर्च पर जयंती मनाने का बीड़ा उठाया हुआ है। सरकार का उद्देश्य है कि संत और महापुरुषों की शिक्षा जन जन तक पहुंचे जिससे समाज का सुधार और उद्धार दोनों हो। इस दौरान केश का एवं कोशल विकास बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर, एडीसी शंभू राठी, डीएसपी रणधीर सिंह भी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** रैली स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी व अन्य अधिकारी।

### लाडवा में कल होगा आयोजन

संत शिरोमणि सैन महाराज की जयंती कुरुक्षेत्र के लाडवा में 4 दिसंबर को मनाई जाएगी, जिसके लिए एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, डीआईपीआरओ डॉ नरेन्द्र सिंह, एसएचओ जगदीश चंद, लाडवा अध्यक्ष रवि सैन, नरेंद्र लाडवा आदि मौजूद रहे।

### स्टेचू ऑफ यूनिटी के जरिए प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल को दिया सर्वोच्च सम्मानः अभिजीत वासन

**पिहोवा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई यमुना प्रवाह यात्रा में जिला भाजपा की ओर से युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अभिजीत वासन, महामंत्री रिचिक कौशिक और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी विनीत त्यागी ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिजीत वासन ने बताया कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और हरियाणा यमुना प्रवाह यात्रा के संयोजक जयदेव नौलथा के नेतृत्व में हरियाणा से पहुंचे युवाओं को प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा राजस्थान से शुरू होकर गुजरात में स्टैचू ऑफ यूनिटी तक पहुंची। पूरे हरियाणा प्रदेश से 50 युवाओं को इस यात्रा में शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में स्टैचू ऑफ यूनिटी स्थापित करके उन्हें पूरा सम्मान दिया है।



## केयू में संस्कृत स्तोत्र-गायन प्रतियोगिता का आयोजन

- पीएम विश्वकर्मा एक्जिबिशन के तहत संस्कृत गायन में भारतीय संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में गुलजारी लाल नंदा सेंटर, कुरुक्षेत्र में पीएम विश्वकर्मा एक्जिबिशन कम ट्रेड फेयर-2025 का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में संस्कृत प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के सौजन्य से अन्तर्विद्यालय स्तरीय संस्कृत स्तोत्र-गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने पारंपरिक संस्कृत स्तोत्रों का सुंदर गायन प्रस्तुत किया और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सुरों के माध्यम से सजीव किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर कृष्णा देवी ने स्तोत्र गायन की भारतीय परंपरा, उसका वेदों से संबंध और मानसिक स्वास्थ्य पर उसके सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्तोत्र गायन न केवल आध्यात्मिकता का माध्यम है बल्कि यह मन को शांत और संतुलित रखने में भी सहायक है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस पवित्र परंपरा को सीखने और अपनाने के लिए आगे आएं, क्योंकि यह न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और मानसिक संतुलन के लिए भी अत्यंत लाभदायक है। कार्यक्रम का संचालन गुलजारीलाल नंदा केंद्र की निदेशिका प्रोफेसर शुचिस्मिता के नेतृत्व में हुआ।



### लो-बीम लाइट के उपयोग के लिए नागरिकों को किया जाए जागरूक : अंकित गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने शहरों में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त की है और सरकार व प्रशासन से आग्रह किया है कि नागरिकों को लो-बीम/डिम लाइट के उचित उपयोग के लिए व्यापक रूप से जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में हाई-बीम के दुरुपयोग पर जिस तरह सख़्ती की जाती है, उससे वहाँ सड़क सुरक्षा बेहतर हुई है, जबकि कई शहरों में आज भी अनावश्यक रूप से हाई-बीम का प्रयोग किया जाता है, जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक अचानक अंधेपन जैसी स्थिति का सामना करते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने स्पष्ट किया कि मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार शहरों, आबादी वाले क्षेत्रों और सामने से वाहन आने की स्थिति में हाई-बीम का उपयोग प्रतिबंधित है, इसलिए आवश्यक है कि प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर जागरूकता अभियान चलाएँ, लोगों को नियमों की जानकारी दें।



अंकित गुप्ता।

### डॉ. सुरेश कुमार पाराशर बने हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव




**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। इन चुनावों में वैश्य कॉलेज, भिवानी से डॉ. राजेन्द्र सिंह प्रधान, भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार पाराशर महासचिव, आई.जी. कॉलेज, पानीपत से डॉ. विजय सिंह वित्त सचिव, जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट से डॉ. राजेन्द्र कुमार, वाइस प्रेसिडेंट, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जोन, सी.आर.ए. कॉलेज, सोनीपत से डॉ. राजीव बलारा, सचिव, एम.डी.यू. जोन, एस.जे.के. कॉलेज, कलानौर से डा. सतीश नरवाल, वाइस प्रेसिडेंट, एम.डी.यू. जोन, वैश्य कॉलेज, भिवानी से डॉ. सुरेन्द्र कुमार, सचिव, सी.बी.एल.यू. भिवानी जोन, दयानंद कॉलेज, हिसार से डॉ. नरेन्द्र कुमार, सचिव, सी.जे.यू. हिसार जोन, एम.एम. कॉलेज, फतेहाबाद से डॉ. सुरेन्द्र पाल, सचिव, सी.डी.एल.यू., सिरसा जोन, डी.ए.वी. कॉलेज, पिहोवा से डॉ. प्रवीन कुमार, सचिव, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जोन निर्वाचित हुए। इस अवसर पर ए.आई. फुटो के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. नरेंद्र चाहर, एस.सी.टी.ए. के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. दयानंद मलिक, निवर्तमान वित्त सचिव डॉ. हीरा लाल तथा 97 सहायता प्राप्त विभिन्न महाविद्यालयों से आए एस.सी.टी.ए. के सदस्य उपस्थित हुए।

**कार्यक्रम** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन

# गीता जीवन की गाड़ी के लिए दिशा और लक्ष्य तक पहुंचाने वाली शक्ति : स्वामी ज्ञानानंद

भगवद्गीता का पैराडाइमः स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए समग्र दृष्टिकोण विषय पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में मंगलवार को भगवद्गीता का पैराडाइमः स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए समग्र दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी के सानिध्य में हुआ। संगोष्ठी में डीएमआईएचईआर (नागपुर) के प्रो-चांसलर प्रो. वेद प्रकाश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में और सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली के सीनियर सर्जन प्रो. बी.बी. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो-चांसलर प्रो. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि जब इंसानी जीवन में कर्ता की जगह निमित्त का भाव स्थापित हो जाए, वहीं से भगवद्गीता शुरू होती है।

### पावनी ने 12वें अध्याय का किया पाठ

प्रो. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि महाभारत के समय अर्जुन की मनोस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि युद्ध और कोलाहल के बीच दिया गया गीता का उपदेश मानव इतिहास का पहला और अद्वितीय उपदेश है। उन्होंने बताया कि मैं और मेरा तथा कर्ता भाव मनुष्य में अहंकार को जन्म देते हैं, जबकि हर परिस्थिति में धर्म का निर्धारण कर्म के आधार पर होता है। गीता का संदेश यही है कि जीवन में अनुकरणीयता और कर्तव्य-पथ पर स्थिरता बनाए रखी जाए। अतिथियों का स्वागत कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. आशीष मेहता और सचिव प्रो. दीप्ति पराशर ने किया। मंच संचालन स्वास्थवृत्त विभाग की प्रो. सीमा रानी ने किया। कार्यक्रम में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की छठी कक्षा की छात्रा पानवी ने गीता के 12वें अध्याय का पाठ कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, अशोक रोशा, आयुष विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक प्रो. हेतल, एनआईए जयपुर से प्रोफेसर डॉ. सर्वेश कुमार, सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. बलबीर सिंह संधू, एसजीटी गुरुग्राम के प्राचार्य प्रो. अनिल शर्मा, सीआईएम पंचकुला के कुलसचिव डॉ. दिनेश शर्मा, एलबीएस यमुनानगर की प्राचार्य डॉ. ज्योतिर्मॉय, सीडीएल यमुनानगर के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार, श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज चंडीगढ़ के प्राचार्य डॉ. सुमित श्रीवास्तव, बीडीएम झज्जर की प्राचार्य डॉ. लीना, गंगापुत्र आयुर्वेदिक कॉलेज जींद के प्राचार्य डॉ. जय कृष्ण वी., जेआर किशन होम्योपैथी कॉलेज रोहतक के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार आर्य, सत्य साइंस एंड मेडिकल सोशल वेलफेयर एजुकेशन रोहतक के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार समेत संस्थान के सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

